उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-99 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-26/10-परीक्षा/2023

लखनऊ : दिनांक : 09 जून, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-10-परीक्षा/2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/09 के अंतर्गत वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के पदों पर चयन हेतु शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना संख्या-444/20/तीन (परी0-1)/2025/खण्ड-1, दिनांक 29-05-2026 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत चिकित्सा परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा दिनांक 15-06-2026 से उत्तर प्रदेश के 18 मण्डलीय जनपद मुख्यालयों के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। सम्बन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा दिनांक 09-06-2026 से चिकित्सा परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

09/06/2026
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।